तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय कंदुकुर टाउन

## PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA KANDUKUR TOWN



## Vidyalaya e-Patrika

## विद्यालय ई-पत्रिका

(AY 2024-25)

# OUR PATRONS



डॉ डी. मंजुनाथ
उपायुक्त, केविसं, हैदराबाद संभाग

Dr. D. MANJUNATH
DEPUTY COMMISSIONER
KVS RO HYDERABAD



श्री टी प्रभुदास
सहायक आयुक्त
केवीएस - हैदराबाद क्षेत्र

Shri T PRABHUDAS
ASSISTANT COMMISSIONER
KVS - HYDERABAD REGION



श्रीमती पी अनुराधा
सहायक आयुक्त
केवीएस - हैदराबाद क्षेत्र

Smt. P ANURADHA
ASSISTANT COMMISSIONER
KVS - HYDERABAD REGION



श्री रेजी वी आर नाथ
सहायक आयुक्त
केवीएस - हैदराबाद क्षेत्र

Shri REJI V R NATH
ASSISTANT COMMISSIONER
KVS - HYDERABAD REGION



श्रीमती जी कृष्णवेणी
सहायक आयुक्त
केवीएस - हैदराबाद क्षेत्र

Smt. G KRISHNAVENI
ASSISTANT COMMISSIONER
KVS - HYDERABAD REGION

**Ms.TIRUMANI SRI POOJA., I.A.S.,**
**SUB COLLECTOR,**
**KANDUKUR,**
**SPSR NELLORE DISTRICT,**
**ANDHRA PRADESH.**

SUB COLLECTORS OFFICE
Kandukur.

Phone : 08598 223235
Cell : 8712622671
Email: rdokdkr@gmail.com



## *MESSAGE*

As the Chairman of VMC PM SHRI KV Kandukur Town, I extend my heartfelt congratulations to Shri Arjun Singh, the esteemed Principal of KV Kandukur, along with the dedicated teachers and talented students, on the publication of "Vidyalaya e-Patrika" for the academic year 2024-25. This initiative reflects the school's commitment to nurturing creativity and self-expression among young minds.

A school is more than a place of learning; it is where ideas take flight and young voices are nurtured. "Vidyalaya e-Patrika" is not just a collection of writings—it showcases the imagination, aspirations, and perspectives of our students, helping them grow into confident individuals.

KendriyaVidyalayas are known for their holistic approach, blending academics with an environment that fosters curiosity and artistic expression. In such a space, young writers flourish, turning their thoughts into inspiring narratives, poetry, and reflections.

I extend my sincere appreciation to the Principal, teachers, and staff for their dedication in guiding and mentoring the students. My heartfelt congratulations to all the young writers for their wonderful contributions. May this platform continue to inspire creativity and intellectual growth for years to come.

***Ms. Tirumani Sri Pooja, IAS***

***Sub Collector, Kandukur Town***

***&***

***Chairman of VMC KV Kandukur***

# प्राचार्य का संदेश



"पीएम श्री केवी कंदुकुर टाउन के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को 'विद्यालय ई-पत्रिका' के प्रकाशन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!

यह "ई-पत्रिका" हमारे विद्यालय के छात्रों की रचनात्मकता, लेखन, कौशल और प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन है।'विद्यालय ई-पत्रिका' न केवल हमारे छात्रों को अपनी भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने का मंच प्रदान करती है, बल्कि उन्हें भविष्य के लिए भी तैयार करती है। मैं अपने छात्रों की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना करता हूँ।

मैं अपने सभी शिक्षकों और कर्मचारियों का भी आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने इस पत्रिका के प्रकाशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साथ ही, मैं माननीय विद्यालय प्रबंधन अध्यक्ष महोदया, सुश्री तिरुमणि श्री पूजा, आईएएस, उप कलेक्टर, कंदुकुर टाउन और माननीय उपायुक्त महोदय डॉ. डी मंजूनाथ, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, हैदराबाद संभाग का आभारी हूँ, जिनका मार्गदर्शन और समर्थन हमें निरंतर प्रेरित करता है।

एक बार पुन: सभी को बधाई! मैं पीएम श्री केवी कंदुकुर टाउन के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।"

अर्जुन सिंह
प्राचार्य

# हिन्दी

## 1.मार्गी

एक बार की बात है। जब मैं नौ साल की थी तब मेरे पापा का ट्रांसफर ऊटी हो गया था। हम सबने वहाँ जाने की तैयारी कर ली थी। बस सामान को टेम्पो में भिजवाने की देरी थी। इतना सब करके हम भी ऊटी के लिए रवाना हुए। दो दिन बाद हम वहाँ पहुँचे। वह जगह बहुत अच्छी व हरी-भरी थी। हमारे घर से थोड़ी ही दूर पर एक जंगल था। जहाँ मुझे जाना मना था। अभी हमारा सामान आने में दो दिन थे। मैं ज़्यादातर घर पे ही रहती थी या कभी-कभी बाहर टहलने भी चली जाया करती थी। शुरुआत में तो मेरा मन वहाँ ठीक-ठाक लग गया, फिर मैं अकेले बहुत बोर होने लगी । दो दिन बाद हमारा सामान आया। फिर मैं अपना मन लगाने के लिए कुछ गाने सुन लिया करती थी । एक दिन, मैं इसी तरह गाने सुन रही थी, कि तभी मुझे पीछे से एक चिड़िया की आवाज आई जब मैंने पीछे मुड़कर देखा तो वह एक काली रंग की बुलबुल थी। वो भी अपनी "चीं-चीं" की आवाज़ में गाना गाने की कोशिश कर रही थी। जब मैंने गाना बंद कर दिया तब वो चुप हो गई और मुझे ऐसे देखने लगी कि मुझे गाना दोबारा बजाने को कह रही हो। अब वो बुलबुल मेरे घर रोज़ आने लगी । जब भी वो आती मैं उसे कुछ न कुछ खाने को ज़रूर देती। इससे हम दोनों अच्छे दोस्त बन गए। एक दिन मैं अपने घर के बाहर बॉल से खेल रही थी। मेरी बॉल घर से दूर चली गई। मैं थोड़ी दूर उसे देखने गई कि मेरी बॉल कहाँ है। मैं अपनी बॉल ढूँढ़ने उस जंगल में चली गई, मुझे मेरी बॉल तो मिल गई थी। फिर मुझे मेरी दोस्त वो बुलबुल दिखाई दी मैं उसका पीछा करने लगी और कुछ समय बाद मुझे अहसास हुआ कि मैं तो जंगल में आ चुकी हूँ। जब मैंने घर वापस जाने की कोशिश की तो मैं रास्ता भटक गई, और मैंने देखा कि यहाँ तो अंधेरा होने वाला है। तभी मुझे एक आवाज़ सुनाई देती है। वो आवाज़ मुझे जैसे जानी-पहचानी सी लगी। फिर मुझे पता चला कि ये तो उसी बुलबुल की आवाज़ है। मैंने उसकी आवाज़ का पीछा किया । फिर मैंने देखा कि मैं तो अपने घर वापस आ चुकी हूँ। मेरे माता-पिता भी मेरी राह देख रहे थे।

मैंने अपने माता-पिता को ये सारी बात बताई। हाँ, मुझे पता था कि इसके लिए मुझे थोड़ी डाँट भी पड़ेगी लेकिन मैंने सॉरी बोलकर ऐसा वादा किया कि मैं कभी अकेले कहीं नहीं जाऊँगी। और इसके बाद मुझे माफ़ भी कर दिया गया। लेकिन मेरे माता-पिता भी हैरान थे कि एक छोटी-सी चिड़िया ने मेरी मदद की। मैंने इस घटना के बाद उस बुलबुल का नाम मार्गी रखा और हमारी दोस्ती और भी पक्की होती गई और उसी दिन से मुझे प्रकृति के दो नियम भी पता चले, पहला ये की सिर्फ़ हम ही नहीं बल्कि पक्षी भी हमारी भावनाओं व प्यार को अच्छे से समझते हैं| और दूसरा ये की अगर हम किसी पशु या पक्षी की मदद करते हैं तो बदले में वो हमें उसका दुगुना देते हैं| और उसी दिन से मुझे पशु-पक्षियों से बहुत लगाव होने लगा।

श्वेता सिंह

कक्षा- 9



## 2.प्रकृति का हमारे जीवन में महत्व

प्रकृति पूरे इतिहास में मानव जाति का पोषण और सुरक्षा करती रही है | यह हमें एक सुरक्षा कवच प्रदान करती है जो हमें नुकसान से बचाता है और हमारे अस्तित्व को बनाए रखती है। प्रकृति के बिना मानव के लिए जीवित रहना असंभव-सा है। अतः हमे भी प्रकृति का संरक्षण करना चाहिए और अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए।

के. दीपिका

कक्षा- 7



## 3.माँ

माँ का आँचल, सर्दियों की धूप,
हर दर्द में बने वह सच्चा रूप |
उसकी ममता का कोई मोल नहीं,
संसार में माँ से बड़ा कोई तोल नहीं |

थक जाऊँ जब जीवन की राहों में,
उसकी गोद में चैन पाऊँ बाँहों में |
दुआओं का है वो चलता सागर,
माँ की मूरत से जीवन सुगंधित हर |



माँ की  ममता गहरी नदी,
जिसमें डूबे हर खुशी |
चोट लगे तो दर्द सह ले,
बच्चों के लिए सब कुछ कह दे |

हर रात जाग कर सुलाती है,
अपने हिस्से का चाँद खिलती है |
माँ तेरा ऋण कभी चुका ना पाऊँगी,
तेरी गोद में हर जन्म मैं ही आऊँगी|

समरीन

कक्षा-8

## 4. प्रकृति की सुंदरता

मौसम की बदली हुई रंगीनी है,
फूलों की खुशबू से महकी हुई है,
हरियाली की चादर ओढ़ी हुई है,
प्रकृति की सुंदरता को दर्शाती हुई है,
पक्षियों की चहचहाहट सुनाई देती है,
नदियों की कलकल ध्वनि सुनाई देती है,
पहाड़ों की विशालता देखी जा सकती है,
प्रकृति की सुंदरता को महसूस किया जा सकता है
प्रकृति की सुंदरता अनंत है
हमें इसे बचाना होगा साथ मिलकर

सामंथा ग्रेस

कक्षा- 8

# 5.मेरे पिता मेरे हीरो

मेरे पिता मेरे हीरो हैं,
उनकी शिक्षा मुझे जीवन की राह दिखाती है |
उनके कदमों में मेरा भविष्य है,
उनकी बातों में मेरी सीख है |
उनकी मेहनत मेरे लिए प्रेरणा है,
उनका प्यार मेरे लिए सब कुछ है |
मेरे पिता मुझे सिखाते हैं,
जीवन की सच्चाइयों को समझना |
उनकी बातें मेरे दिल में बसती हैं,
उनका प्यार मेरे लिए अमर है |
मेरे पिता मेरे हीरो हैं,
उनकी यादें मेरे दिल में बसती हैं |
मैं उनकी शिक्षा को कभी नहीं भूलूँगी ,
उनका प्यार मेरे लिए हमेशा के लिए है |
मेरे पिता मेरे हीरो हैं,
मैं उन पर गर्व करती हूँ |



जी. मनस्वी

कक्षा- 8

# 6.मेरा सपना मेरा भारत

भारत, एक ऐसा देश जहाँ विविधता में एकता का अद्भुत संगम है । यहाँ हर कदम पर हमें इतिहास की गौरव गाथाएँ , संस्कृति की समृद्धि और प्रकृति की सुंदरता दिखाई देती है । मैं इस देश का नागरिक होने पर गर्व महसूस करता हूँ । मेरा सपना है कि भारत एक ऐसा देश बने जहाँ हर व्यक्ति को समान अवसर मिले । जहाँ शिक्षा, स्वास्थ्य और रोज़गार सभी के लिए सुलभ हो । मैं चाहता हूँ कि भारत एक ऐसा देश बने जहाँ ग़रीबी, अशिक्षा और भ्रष्टाचार का नाम-ओ-निशान ना हो। मैं चाहता हूँ कि भारत वैज्ञानिक क्षेत्र में अग्रणी बने। हमारे वैज्ञानिक चिकित्सा, अंतरिक्ष विज्ञान और तकनीकी क्षेत्र में नए-नए आविष्कार करें। मैं चाहता हूँ कि भारत एक ऐसा देश बने जहाँ हर नागरिक स्वस्थ, सुखी और समृद्ध हो। मैं अपने सपने को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करूँगा। मैं पढ़ाई में ध्यान दूँगा, अपने कौशल को निखारूँगा और अपने देश की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहूँगा। मैं विश्वास करता हूँ कि अगर हम सभी मिलकर काम करेंगे तो हमारा सपना साकार होगा। आओ, हम सब मिलकर भारत को एक आदर्श देश बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए।

चेंचू. वेंकटा कार्तिक

कक्षा- 8

## 7.किसान

कड़ी धूप हो या हो शीतकाल,

हल चलाकर ना होता बेहाल |

रिमझिम करता होगा सवेरा,

इसी आस में ना रोकता चाल |

खेती बाड़ी में जुटाता ईमान,

महान पुरुष है, है वो किसान |

छोटे-छोटे से बीज बोता,

वहीं एक बड़ा खेत होता |

जिसकी दरकार होती उसे,

बोकर उसे वह तभी सोता |

खेतों का कण-कण है जिसकी जान,

महान पुरुष है, है वो किसान |

लोहिता

कक्षा- 7



## 8.हम बड़े हो गए हैं

हम बड़े हो गए हैं...

अब हमें स्कूल जाना बोझ लगता है।

अब हम खिलौनों के लिए नहीं रोते।

अब हमारे दुश्मन दोस्त बन गए।

अब हम घर में कम बाहर ज़्यादा रहने लगे।

अब हम बड़े हो गए हैं...

### हमारी दोस्ती

स्कूल का पहला दिन था, मेरे प्रिय दोस्त से पहली बार मुलाक़ात हुई थी । अब हमारी दोस्ती को कई साल हो गए हैं और लग रहा है कि, कितना ख़ूबसूरत था वह पल। अंजान व्यक्ति को अपना मानना। उसके साथ रहने के बहाने बनाना, हर लड़ाई-झगड़े के बाद एक मुस्कुराहट से फिर से मिल जाना, और उसका साथ छोड़ना भी उतना ही मुश्क़िल।

आस्मा कौसर

कक्षा- 9



## 9.शिक्षा का महत्व

शिक्षा व्यक्तिगत और  सामाजिक विकास की आधारशिला है। यह व्यक्ति को जीवन की चुनौतियों का सामना करने और अपनी आकांक्षाओं को प्राप्त करने के लिए ज्ञान, कौशल और मूल्यों से सशक्त बनाती है। विद्यार्थियों के लिए, शिक्षा बौद्धिक विकास, आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता और समस्या-समाधान को बढ़ावा देने का एक साधन है। यह आत्मविश्वास का निर्माण करती है,  नैतिक मूल्यों का पोषण करती है और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करती है। व्यक्तिगत विकास से परे, शिक्षा समानता को बढ़ावा देती है, ग़रीबी को कम करती है और एक सूचित और कुशल कार्यबल बनाकर राष्ट्रीय प्रगति में योगदान देती है। यह एक आजीवन यात्रा है जो चरित्र को आकार देती है और क्षमता को बढ़ावा देती है, जिससे यह सफलता प्राप्त करने और दुनिया में सकारात्मक योगदान देने के लिए अपरिहार्य हो जाती है।



रिद्धि जनश्री

कक्षा- 7

## 10.तुलसीदास

तुलसीदास जी को गोस्वामी तुलसीदास के नाम से भी जाना जाता है। तुलसीदास जी का जन्म 1532 ई. में उत्तर प्रदेश के राजापुर गांव में हुआ। तुलसीदास जी के पिता का नाम पंडित आत्माराम दुबे और माता का नाम हुलसी था। बचपन में ही उनके माता-पिता का देहांत जो गया था , और उनके पिता के गुरुदेव श्री नरसिंह दास ने उनका पालन-पोषण किया। कम उम्र में ही तुलसीदास जी का विवाह रत्नावली से हो गया था। अपने विद्यार्थी जीवन के दौरान उन्होंने बहुत उत्सुकता से संस्कृत भाषा का अध्ययन किया। तुलसीदास जी को संस्कृत रामायण का अवधी रूप रामचरितमानस का अनुवाद करने का श्रेय दिया जाता है, जो भगवान विष्णु के आठवें अवतार भगवान श्री राम की जीवन गाथा है।

सामदीप

कक्षा -8



## 11.मित्रता

हम सब का कम से कम एक अच्छा मित्र होता है। मित्रता अनमोल रत्न के समान है। यह स्वाभाविक प्रेम से पैदा होती है। सृष्टि का एक अभूतपूर्व नियम है कि हमें अपने माता-पिता और भाई-बहन चुनने की स्वतंत्रता नहीं है लेकिन हम अपने मित्र स्वयं चुनते हैं। दो लोगों के बीच आपसी संबंध, वैचारिक एकता और समानता ही मित्रता की पहचान है। जो मित्रता सुख के क्षणों में कायम होती है, वह दुख की कसौटी पर भी खरी उतरती है। मित्रता आपसी लेन-देन और स्वार्थ से ऊपर होती है। सच्ची मित्रता तो औषधि के समान होती है जो पीड़ा और कष्ट को दूर करती है और जीवनदायक मधुर आनंद पैदा करती है।



डी. स्नेह लता

कक्षा- 7

## 12.सुनीता विलियम्स



सुनीता विलियम्स (जन्म: 19 सितम्बर, 1965; Euclid, Ohio, U.S.) अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी NASA के माध्यम से अंतरिक्ष में जाने वाली भारतीय मूल की दूसरी महिला हैं। वह भारत के पश्चिमी राज्य गुजरात के अहमदाबाद शहर से ताल्लुक रखती हैं। उन्होंने एक महिला अंतरिक्ष यात्री के रूप में 127 दिनों तक अंतरिक्ष में रहने का विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। सुनीता के पिता मूल रूप से गुजराती हैं। वे सन् 1958 में अहमदाबाद से अमेरिका आकर बस गए थे। सुनीता के पिता दीपक पांड्या और माँ बोनी पांड्या Massachusetts राज्य के Falmouth शहर में रहते हैं।

आएशा बानू

कक्षा – 7

# 13.समय का महत्व

समय और धन की दौड़ में हमेशा समय की जीत होती है। पैसा कमाना आपको अमीर बना देगा लेकिन समय को जीतना आपको सफल बनाएगा। समय फिर कभी लौट कर नहीं आता, आपको इसका उपयोग करने का एक ही मौका मिलता है। यदि आप आज समय का सदुपयोग करते हैं तो यह आपको कल लाभकारी परिणाम देगा। समय बहुत मूल्यवान है। और इसे अच्छे कार्यों में खर्च करने की आवश्यकता है। समय के मूल्य को समझना अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह बदलता रहता है। समय कभी भी किसी एक के जीवन में एक जैसा नहीं हो सकता। जो व्यक्ति समय के महत्व को जानता है, और उसका सम्मान करता है, वह चतुर और बुद्धिमान माना जाता है। वह व्यक्ति अपने जीवन में सभी सफलता प्राप्त करने वाला होता है। हमें समय का महत्व तब पता चलता है, जब हमारे पास वास्तव में इसकी कमी होती है।

चरीश डी.

कक्षा – 6



# 14.पानी की यात्रा

एक छोटे से गाँव में एक लड़का था जिसका नाम रमेश था। वह अक्सर अपनी दादी से कहानियाँ सुनता रहता था, खासकर एक कहानी के बारे में जो उसे बहुत पसंद थी। वह कहानी थी "पानी की यात्रा" की। दादी उसे बतातीं, "पानी कभी नहीं रुकता। वह हमेशा कहीं न कहीं बहता रहता है। वह पहाड़ों से बहकर नदियों में आता है, फिर समुंदर तक पहुँचता है। और सबसे ख़ास बात यह है कि पानी कभी अपना रास्ता नहीं भूलता।" रमेश को यह कहानी बहुत अच्छी लगती थी, और एक दिन उसने तय किया कि वह ख़ुद पानी की यात्रा देखेगा। वह अपने दोस्तों के साथ तालाब के पास गया, जहां से पानी बहता था। उन्होंने नाव बनाई और पानी के साथ यात्रा पर निकल पड़े। रास्ते में उन्होंने देखा कि पानी कभी शांत होता है, कभी उफान मारता है, कभी ठंडा और कभी गर्म। वे नदियों, पहाड़ों, और जंगलों से होते हुए समुद्र तक पहुंचे। इस दौरान रमेश को यह समझ में आया कि जैसे पानी रास्ते में बदलता है, वैसे ही जीवन में भी बदलाव आते हैं। कभी हमें कठिनाई होती है, तो कभी हमें शांति मिलती है। जैसे पानी हर परिस्थिति में अपना रास्ता खोज लेता है, वैसे ही हमें भी हर हाल में आगे बढ़ते रहना चाहिए।अंत में जब वे वापस तालाब में लौटे, तो रमेश को एहसास हुआ कि पानी की यात्रा सिर्फ एक सफ़र नहीं था, बल्कि एक जीवन का सबक भी था। उसने समझा कि जीवन में चाहे जैसी भी समस्याएँ आएं, हमें धैर्य और साहस से उनका सामना करना चाहिए, क्योंकि जैसे पानी कभी नहीं रुकता, वैसे ही हमें भी कभी हार नहीं माननी चाहिए।यह कहानी रमेश के दिल में हमेशा बनी रही और उसने इस शिक्षा को अपने गाँववालों के साथ भी साझा किया।

शिवम कुमार<br>कक्षा- 7

## 15.विद्यालय: ज्ञान और विकास का केंद्र

विद्यालय हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह हमें ज्ञान, कौशल और मूल्यों को सिखाता है जो हमें अपने जीवन में सफल होने में सहायता करते हैं। विद्यालय हमें एक सुरक्षित और अनुशासनपूर्ण वातावरण प्रदान करता है जहां हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए काम कर सकते हैं।विद्यालय में हमें विभिन्न विषयों का ज्ञान प्राप्त होता है, जैसे कि गणित, विज्ञान, भाषा और सामाजिक विज्ञान। ये विषय हमें विश्व के बारे में जानने और समझने में मदद करते हैं। हमें विद्यालय में विभिन्न कौशलों का भी अभ्यास करने का अवसर मिलता है, जैसे कि लेखन, पढ़ना, गणित और विज्ञान प्रयोग।विद्यालय में हमें अनुशासन और समय प्रबंधन के महत्व के बारे में भी सिखाया जाता है। हमें सिखाया जाता है कि कैसे हम अपने समय को प्रभावी ढंग से प्रबंधित कर सकते हैं और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए काम कर सकते हैं। विद्यालय में हमें टीम वर्क और सहयोग के महत्व के बारे में भी सिखाया जाता है। हमें सिखाया जाता है कि कैसे हम दूसरों के साथ मिलकर काम कर सकते हैं और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एकजुट हो सकते हैं।विद्यालय में हमें विभिन्न प्रकार के खेल और गतिविधियों में भाग लेने का अवसर भी मिलता है। ये खेल और गतिविधियां हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने में मदद करती हैं। हमें विद्यालय में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर भी मिलता है। ये कार्यक्रम हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं के बारे में जानने और समझने में मदद करते हैं।निष्कर्ष में, विद्यालय हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह हमें ज्ञान, कौशल और मूल्यों को सिखाता है जो हमें अपने जीवन में सफल होने में मदद करते हैं। विद्यालय हमें एक सुरक्षित और अनुशासनपूर्ण वातावरण प्रदान करता है जहां हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए काम कर सकते हैं।

जया संतोषी
कक्षा - 8

## 16.अब तो मचा है हाहाकार

अब तो मचा है हाहाकार
वृक्ष बिना बुरा हुआ है हाल।
मानव ने यह किया कमाल, खुद को पाया नहीं संभाल।
कैसे-कैसे अब किए है खेल?
हाल बुरा है पेमल पेल।



गर्मी ने किया बुरा है हाल,
आज ग्लोबल हुआ है लाल।
ग्लेशियर पिघले  हामल हाल,
खुद को पाया नहीं संभाल।
नदियों में इसने फेंका है जाल,
हर घर में आया है काल।

उमड़ी ,उफनी और लाई बाढ़,
धरती लगी अब आंखों काढ़ ।
ओजोन परत भी हुई अब चीर्ण अब पराबैंगनी हुई है प्रकीर्ण।
प्रदूषण ने सबको किया है क्षीण,
शरीर हो चुका अब सबका जीर्ण।

अक्षया
कक्षा 8
रोल नंबर:03

# 17.मेरा पसंदीदा खेल

खेल हमारे जीवन में बहुत अहम भूमिका निभाते हैं। ये न सिर्फ मनोरंजन का साधन होते हैं, बल्कि शारीरिक और मानसिक विकास में भी मदद करते हैं। खेल खेलने से हमारा शरीर मजबूत होता है और मन तरोताजा बना रहता है। सभी के अपने पसंदीदा खेल होते हैं, जिनमें खेलने का मजा ही कुछ और होता है।

मेरा पसंदीदा खेल क्रिकेट है। यह दो टीमों के बीच खेली जाती है जिसमें 11-11 खिलाड़ी होते हैं। क्रिकेट बैट और बॉल से खेला जाता है। इसमें एक टीम बल्लेबाजी और दूसरी गेंदबाजी करती है। क्रिकेट मैदान बड़ा और गोल होता है। मुझे क्रिकेट खेलना और देखना दोनों बहुत पसंद है। मेरे पसंदीदा खिलाड़ी एम.एस धोनी और विराट कोहली हैं। क्रिकेट खेल से शारीरिक और मानसिक चुस्ती बढ़ती है। यह खेल अनुशासन और एकता सिखाता है।

क्रिकेट के तीन प्रमुख प्रारूप होते हैं: टेस्ट मैच, एक दिवसीय (वनडे) और टी20। टेस्ट मैच सबसे लंबा होता है, जो पाँच दिनों तक चलता है, जबकि टी20 सबसे छोटा और तेज प्रारूप है। मुझे टी20 क्रिकेट सबसे ज्यादा पसंद है क्योंकि यह रोमांचक और तेज होता है।

क्रिकेट के कुछ महत्वपूर्ण नियम होते हैं जिन्हें खिलाड़ी और दर्शक दोनों को समझना चाहिए। प्रत्येक टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी बारी बारी से होती है। एक टीम पहले बल्लेबाजी करती है और दूसरी टीम उसे आउट करने की कोशिश करती है। बल्लेबाजी करने वाली टीम का लक्ष्य अधिक से अधिक रन बनाना होता है। जब दूसरी टीम बल्लेबाजी करती है, तो उसे पहली टीम के रन से अधिक रन बनाने होते हैं।

आउट होने के भी कई तरीके होते हैं जैसे बोल्ड, कैच आउट, रन आउट, स्टंपिंग, और एल. बी. डब्लू (लेग बिफोर विकेट)। अगर किसी बल्लेबाज को आउट कर दिया जाता है, तो वह मैदान छोड़ देता है और उसकी जगह अगला बल्लेबाज आता है।

मैं बड़ी होकर एक अच्छा क्रिकेटर बनना चाहती हूँ।

-डी. चरिता,
कक्षा पांचवी

# 18.पुस्तकों का महत्व

हमारे जीवन में कई ऐसी चीजें होती हैं जिनकी जरूरत उम्र के हर दौर में पड़ती है, चाहे हम कितने बड़े हो जाएँ या जीवन के किसी भी मुकाम पर पहुँच जाएँ  उन्ही में से एक है किताब जिसे कभी बुक तो कभी पुस्तक और कई अन्य नामों से लोग पुकारते हैं। हमारी बेसिक शिक्षा से लेकर बड़े होने तक किताबों की जरूरत होती है।  आप ने भी कहीं न कहीं यह सुना होगा कि ज्यादा से ज्यादा किताबें पढ़ा करो यह आपको एक जगह बैठे हुए दुनिया भर का अनुभव दे सकती है, ज्ञान दे सकती है और आपको एक परिपक्व व्यक्ति बनाने में मदद कर सकती है। पुस्तकों का मनुष्य के जीवन में एक अहम योगदान रहा है, न केवल आज के समय में बल्कि हजारों साल पहले से और यह कहना गलत नहीं होगा कि इन्होंने हमें सामाजिक बनाने में मदद की है। हमारे प्राचीन महाकाव्य इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। इनकी मदद से हमें ब्रह्मांड का ज्ञान हासिल हुआ, हम क्या हैं, क्यों हैं जैसी बातों का उत्तर खोजने का सामर्थ्य दिया। हमारे अंदर जितना भी ज्ञान है, ज्यादातर वो हमें पुस्तक में लिखी जानकारियों से प्राप्त हुआ है। हमें प्राप्त ज्ञान हम आगे आने वाली पीढ़ियों तक अपने अनुभव के रूप में बढ़ाते रहे। पुस्तकें जीवन का आधार होती हैं और खासकर जो व्यक्ति पुस्तक प्रेमी होते हैं उनकी पूरी दुनिया किताबों की कहानियों, ज्ञान, रोचक बातों, कविताओं के इर्द-गिर्द घूमती हैं। पुस्तकें न सिर्फ ज्ञान संबंधी जानकारी देती हैं बल्कि ये कई तरह के मनोरंजन का साधन भी बनती हैं। जैसे रोमांचक कहानियां, चुटकुलें, कविताएं आदि का भी लोग आनंद लेते हैं। बच्चों से लेकर बड़ों तक हर किसी के जीवन में पुस्तक का अपना अलग-अलग योगदान है।

पुस्तक को ज्ञान का भंडार माना जाता है। पुस्तकों का इतिहास तब से है जब मानव ने लिपि का विकास किया। पुस्तकों से इतिहास की जानकारी मिलती है। किताब पढ़ने से हमें अपने जीवन के उद्देश्य को समझने में आसानी होती है। पुस्तकें छात्रों की सबसे अच्छी मित्र होती हैं। इनकी मदद से हम नए तरह के कौशल सीखते हैं। ये हमें जीवन को नए नजरिए से देखना सिखाती हैं। किताबों की मदद से महापुरुषों की जीवनी पढ़ कर युवा प्रेरित होते

हैं। रोज किताब पढ़ने से बुद्धि तेज होती है। किताबें ज्ञान के साथ मनोरंजन का भी साधन हैं।

-जी. तारक,

कक्षा पांचवी



## 19.गणतंत्र दिवस

गणतंत्र दिवस भारत में सबसे जोश और उत्साह से मनाए जाने वाले राष्ट्रीय त्योहारों में से एक है, जिसे हर साल 26 जनवरी को मनाया जाता है। इसी साल 1950 भारत ने अपने खुद के बनाए संविधान को अपनाया था, जिसके बाद हमारा देश एक संप्रभु और लोकतांत्रिक गणराज्य बन गया। यह दिन हमें समानता, न्याय और स्वतंत्रत भारत के मूल्यों के प्रति जागरुक भी करता है जो हमारे संविधान की भी नींव हैं। यह हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करने और उनका सम्मान करने का समय है जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़कर देश को आजादी दिलाई ताकि हम अपना खुद का संविधान लागू कर सकें।

15 अगस्त, 1947 को देश की आजादी के बाद देश को अपनी शासन व्यवस्था खुद संभालने के लिए एक मज़बूत कानूनी ढांचे की जरूरत थी। संविधान का मसौदा तैयार करने की शुरुआत डॉ. बी. आर. अंबेडकर की ओर से 26 नवंबर 1949 को हुई और यह 26 जनवरी, 1950 को असर में आया। यह डेट भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से साल 1930 में 26 जनवरी को ही पूर्ण स्वराज घोषणा का सम्मान करने के लिए चुनी गई थी।

गणतंत्र दिवस का सबसे भव्य समारोह नई दिल्ली के कर्त्तव्य पथ परेड के रूप में होता है। यहां भारत के राष्ट्रपति के साथ विदेश के कोई राष्ट्रप्रमुख कार्यक्रम के अतिथि के रूप में मौजूद होते हैं जो राष्ट्रीय ध्वज फहराते हैं। गणतंत्र दिवस परेड में सैन्य शक्ति, सांस्कृतिक विविधता और कई क्षेत्रों में उपलब्धियों का शानदार प्रदर्शन किया जाता है। कई राज्यों की झाकियाँ अपनी अनूठी परंपराओं और विरासत को प्रदर्शित करती हैं। कार्यक्रम का समापन भारतीय वायु सेना के आसमान में फ्लाईपास्ट के साथ होता है, जिसे देखकर सब आश्चर्यचकित होते हैं।

देश भर में स्कूल और कॉलेज झंडा फहराने, देशभक्ति भाषण, सांस्कृतिक प्रदर्शन और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं के साथ गणतंत्र दिवस मनाते हैं। इन गतिविधियों का उद्देश्य युवा पीढ़ी को इस दिन के महत्व के बारे में शिक्षा देना है। साथ ही उन्हें देश की प्रगति में योगदान के लिए प्रेरित करना है|

गणतंत्र दिवस हर भारतीय के लिए बहुत गर्व का दिन है। यह हमें अपने इतिहास को याद रखने, अपनी स्वतंत्रता को संजोने और संविधान के आदर्शों को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करता है। गणतंत्र दिवस केवल कोई उत्सव नहीं बल्कि एक लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में भारत की यात्रा को दिखाता है। यह हमारे स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा किए गए बलिदानों और हमारे संविधान को बनाने वाले नेताओं के दृष्टिकोण की याद दिलाता है।

-डी. अरुष,

कक्षा पांचवी



## 20.मेरा शहर

कंदुकुर या कंदुकुरु भारतीय राज्य आंध्र प्रदेश के एसपीएसआर नेल्लोर जिले में एक शहर है । यह एक नगर पालिका है और कंदुकुर मंडल के साथ-साथ कंदुकुर राजस्व प्रभाग का मुख्यालय भी है । कंदुकुर का भौगोलिक क्षेत्रफल लगभग 225 वर्ग किमी है। कंदुकुर मंडल में केवल एक शहर है, जो कंदुकुर नगर पालिका है जिसका क्षेत्रफल 37.63 वर्ग किमी है । कंदुकुर की एक मजबूत ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है और यह राजा श्री कृष्ण देवराय के शासन में आया था। अंकम्मा तल्ली देवालयम कंदुकुर में सबसे प्रसिद्ध धार्मिक आकर्षण है और शहर के अन्य ऐतिहासिक हिंदू मंदिरों में अयप्पा स्वामी मंदिर और शिरडी साईंबाबा मंदिर शामिल हैं। कंदुकुर पहले स्कंदपुरी के नाम से जाना जाता था |

कंदुकुर भारत के पूर्वी तट से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित है, इसलिए यहाँ समुद्री मौसम है इसलिए अधिकतम और न्यूनतम तापमान के बीच अंतर अधिक नहीं है। पिछले 10 वर्षों (2008-2018) में, न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। यह देखा गया है कि मार्च, अप्रैल और मई साल के सबसे गर्म महीने होते हैं और नवंबर, दिसंबर और जनवरी सबसे ठंडे महीने होते हैं।

कंदुकुर का निकटतम रेलवे स्टेशन सिंगरायकोंडा है सिंगरायकोंडा 15 किमी दूर है। इस रेलवे स्टेशन को दक्षिण मध्य रेलवे क्षेत्र के विजयवाड़ा रेलवे डिवीजन में बी-श्रेणी स्टेशन के रूप में वर्गीकृत किया गया है। सिंगरायकोंडा सड़क मार्ग से भी जुड़ा हुआ है। दूसरा निकटतम रेलवे स्टेशन है – ओंगोल। कंदुकुर से ओंगोल लगभग 45 किमी दूर है।

विजयवाड़ा हवाई अड्डा कंदुकुर का सबसे नजदीकी हवाई अड्डा है, जो लगभग 210 किमी दूर है। अन्य अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे हैदराबाद, तिरुपति और चेन्नई हैं। इन सभी हवाई अड्डों की दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बैंगलोर और अन्य अंतरराष्ट्रीय शहरों जैसे प्रमुख भारतीय

शहरों से अच्छी कनेक्टिविटी है। ओंगोल में एक ग्रीन फील्ड डोमेस्टिक एयरपोर्ट का प्रस्ताव है, जो कंदुकुर से लगभग 45 किमी दूर है।

-एन. आश्रिता,

कक्षा पांचवी



## 21.मेरा प्रिय त्योहार

भारत त्योहारों का देश है, यहां कई प्रकार के त्योहार पूरे साल ही आते रहते हैं लेकिन दीपावली सबसे बड़े त्योहारों में से एक है। यह त्योहार पांच दिनों तक चलने वाला सबसे बड़ा पर्व होता है। इस त्योहार का बच्चों और बड़ों को पूरे साल इंतजार रहता है। कई दिनों पहले से ही इस उत्सव को मनाने की तैयारियां शुरू हो जाती है।

इस दिन भगवान श्रीराम, माता सीता और भ्राता लक्ष्मण चौदह वर्ष का वनवास पूरा करके अपने घर अयोध्या लौटे थे। इतने सालों बाद घर लौटने की खुशी में सभी अयोध्या वासियों ने दीप जलाकर उनका स्वागत किया था। तभी से दीपों का त्योहार दीपावली मनाया जाने लगा।

यह त्योहार कार्तिक मास की अमावस्या के दिन मनाया जाता है। अमावस्या की अंधेरी रात जगमग असंख्य दीपों से जगमगाने लगती है। यह त्योहार लगभग सभी धर्म के लोग मनाते हैं। इस त्योहार के आने के कई दिन पहले से ही घरों की लिपाई-पुताई, सजावट प्रारंभ हो जाती है। इन दिन पहनने के लिए नए कपड़े बनवाए जाते हैं. मिठाइयां बनाई जाती हैं। इस दिन देवी लक्ष्मी की पूजा की जाती है इसलिए उनके आगमन और स्वागत के लिए घरों को सजाया जाता है।

यह त्योहार पांच दिनों तक मनाया जाता है। धनतेरस से भाई दूज तक यह त्योहार चलता है। धनतेरस के दिन व्यापारी अपने नए बहीखाते बनाते हैं। अगले दिन नरक चतुर्दशी के दिन सूर्योदय से पूर्व स्नान करना अच्छा माना जाता है। अमावस्या यानी कि दिवाली का मुख्य दिन, इस दिन लक्ष्मीजी की पूजा की जाती है। खील-बताशे का प्रसाद चढ़ाया जाता है। नए कपड़े पहने जाते हैं। फुलझड़ी, पटाखे छोड़े जाते हैं। दुकानों, बाजारों और घरों की सजावट दर्शनीय रहती है। अगला दिन परस्पर भेंट का दिन होता है। एक-दूसरे के गले लगकर दीपावली की शुभकामनाएं दी जाती हैं। लोग छोटे-बड़े, अमीर-गरीब का भेद भूलकर आपस में मिल-जुलकर यह त्योहार मनाते हैं।

दीपावली का त्योहार सभी के जीवन को खुशी प्रदान करता है। नया जीवन जीने का उत्साह प्रदान करता है। कुछ लोग इस दिन जुआ खेलते हैं, जो घर व समाज के लिए बड़ी बुरी बात है। हमें इस बुराई से बचना चाहिए। इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि हमारे किसी भी कार्य एवं व्यवहार से किसी को भी दुख न पहुंचे, तभी दीपावली का त्योहार मनाना सार्थक होगा। पटाखे सावधानीपूर्वक छोड़ने चाहिए, ताकि किसी भी तरह की अनहोनी से बचा जा सके।

-जी. मनुश्री,

कक्षा पांचवी



# 22.दोस्ती पर निबंध

## परिचय

व्यक्ति को प्रत्येक रिश्ता अपने जन्म से ही प्राप्त होता है, अन्य शब्दों में कहें तो ईश्वर पहले से बना के देता है, पर दोस्ती ही एक ऐसा रिश्ता है जिसका चुनाव व्यक्ति स्वयं करता है। सच्ची मित्रता रंग-रूप नहीं देखती, जात-पात नहीं देखती, ऊँच-नीच, अमीरी-गरीबी तथा इसी प्रकार के किसी भी भेद-भाव का खंडन करती है। आमतौर पर यह समझा जाता है, मित्रता हम-उम्र के मध्य होती है पर यह गलत है मित्रता किसी भी उम्र में और किसी के साथ भी हो सकती है।

## दोस्ती का महत्व

व्यक्ति के जन्म के बाद से वह अपनों के मध्य रहता हैं, खेलता हैं, उनसें सीखता हैं पर हर बात व्यक्ति हर किसी से साझा नहीं कर सकता। व्यक्ति का सच्चा मित्र ही उसके प्रत्येक राज़ को जानता है। पुस्तक ज्ञान की कुंजी है, तो एक सच्चा मित्र पूरा पुस्तकालय, जो हमें समय-समय पर जीवन के कठिनाईयों से लड़ने में सहायता प्रदान करते है। व्यक्ति के व्यक्तित्व के निर्माण में दोस्तों की मुख्य भूमिका होती है। ऐसा कहा जाता है कि व्यक्ति स्वयं जैसा होता है वह अपने जीवन में दोस्त भी वैसा ही चुनता है। और व्यक्ति से कुछ गलत होता है तो समाज उसके दोस्तों को भी समान रूप से उस गलती का भागीदार समझते हैं।

जहां लोग आपसे बात भी अपने स्वार्थ सिद्धि के मनोकामना से करते हैं ऐसे में सच्ची मित्रता भी बहुत कम लोगों को प्राप्त हो पाती है। प्राचीन समय से ही लोग अपनी इच्छाओं व अकांक्षाओं की पूर्ति के लिए दोस्ती करते हैं तथा अपना कार्य हो जाने पर अपने जीवन में व्यस्त हो जाते हैं। इसलिए व्यक्ति को दोस्ती का हाथ हमेशा सोच समझ कर अन्य की ओर बढ़ाना चाहिए।

निष्कर्ष

व्यक्ति के व्यक्तित्व का दर्पण उसके द्वारा बनाए गए मित्र होते हैं, व्यक्ति को सदैव अपने मित्रों का चुनाव सोच-समझ कर करना चाहिए। जीवन में “सच्ची मित्रता” तथा “मतलब की मित्रता” में भेद कर पाना असल में एक चुनौती है तथा व्यक्ति को व्यक्ति की परख कर मित्रों का चुनाव करना चाहिए।

- जी. अक्षिता,

कक्षा पांचवी

## 23.समय का महत्व

“समय की अहमियत को समझो, यह जीवन का है आधार,
सही उपयोग कर लो इसका, यही है जीवन का सार।”
“समय का पहिया चलता रहे, कभी न रुके इसका चक्र,
जो समय की कद्र करे, वही बनता है सिकंदर।”
“वक्त का सही मोल जानो, यह देता है सबको सबक,
समय की कद्र कर लो तुम, यही है सबसे बड़ा हक।”
“समय की रफ्तार को पहचानो, यह न आए वापस कभी,
जो समय का मोल समझे, वही बनेगा जिंदगी में धनी।”
“समय की बर्बादी न करो, यह अनमोल खजाना है,
सही समय पर किया गया काम ही असली बहाना है।”
“समय के साथ चलो, यह है जीवन की रीत,
सही समय पर किया गया काम ही है सबसे बड़ी जीत।”

-जी. राम्या श्री,

कक्षा पांचवी

## 24.प्रकृति

हरी घास पर ओस की बूंदें,
सूरज की पहली किरणों से धुले,
पत्तों पर फिसलती नन्हीं सी मुस्कान,
जैसे हो प्रकृति की नई पहचान।

नीले आसमान में उड़ते पंछी,
हवा के संग झूमते वनस्पति,
नदियों की कलकल, पर्वत की चोटी,
हर ओर बिखरी है सौंदर्य की ज्योति।

सागर की लहरें गीत सुनाती,
धरती को प्रेम से लोरी सुनाती,
बादल भी मिलकर चित्र बनाते,
धरा को आसमां से गले लगाते।

चंद्रमा की चांदनी शीतल,
तारों के संग उसकी झिलमिल,
प्रकृति के हर रंग में बसी है,
जीवन की अनकही, प्यारी कहानी।

जब कभी उदास हो मन तेरा,
आँखें बंद कर, महसूस कर धरा,
प्रकृति के आलिंगन में पाएगा,
शांति और प्रेम का सच्चा किनारा।

-जे. अपूर्व ऋषिका,
कक्षा पांचवी

## 25.मेहनत का फल

कड़ी मेहनत का फल अवश्य मिलेगा। इतिहास गवाह है कि कड़ी मेहनत हमारे जीवन का एक आवश्यक अंग है। बिना मेहनत के जीवन में सफलता नहीं मिलती। एक अनुत्पादक व्यक्ति जो हमेशा आराम करता हुआ दिखाई देता है, वह कभी सफल नहीं हो सकता। बहुत अधिक प्रयास किए बिना सफलता प्राप्त करना असंभव है। लोग हमेशा शॉर्टकट की तलाश में रहते हैं, लेकिन जीवन में ऐसा कोई शॉर्टकट नहीं है। सब कुछ आपकी कड़ी मेहनत करने की क्षमता और समस्याओं से निपटने के तरीके पर निर्भर करता है। अपने लक्ष्यों तक पहुँचने के लिए, आपको कड़ी मेहनत करनी चाहिए, दृढ़ निश्चयी होना चाहिए और अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। एक आदमी स्टील की तरह होता है; अगर इसका उपयोग किया जाता है, तो यह चमकता है; अगर इसका उपयोग नहीं किया जाता है, तो यह जंग खा जाता है। अगर आपने वास्तव में कड़ी मेहनत की है, तो यह निश्चित रूप से फल देगा, और आप निस्संदेह अपनी सफलता का आनंद लेंगे; हालाँकि, अगर आप अपने सपनों को जीते हैं, तो आप केवल सपने ही देखते रह जाएँगे। अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आपको अपने काम के प्रति दृढ़ निश्चयी और समर्पित होना चाहिए। अगर आप पढ़ रहे हैं, तो आपको अपने शिक्षाविदों के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए और उच्च ग्रेड प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए; अगर आप काम कर रहे हैं, तो आपको अपनी नौकरी के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए। इतिहास गवाह है कि कड़ी मेहनत का फल अंत में मिलता है। हम सभी ने सफल लोगों द्वारा जीवन को बेहतर बनाने के लिए किए गए प्रयासों के बारे में सुना है। इसका एक आदर्श उदाहरण भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम हैं। वे बचपन में अखबार बेचने के लिए जाने जाते थे। आज वे क्या हैं, यह देखिए। उन्हें भारत का मिसाइल मैन कहा जाता है। उनके जैसे कई लोग इस बात के जीवंत उदाहरण बन गए हैं कि कैसे सबसे खराब परिस्थितियाँ भी आपको सबसे अच्छी परिस्थितियों की ओर ले जा सकती हैं।

- वि. लक्ष्मी सरन्या,

कक्षा पांचवी

# संस्कृत



1.पर्यावरणम् आलेखम्

अस्मान् परितः यानि पञ्चमहाभूतानि सन्ति तेषां समवायः एव परिसरः अथवा पर्यावरणम् इति पदेन व्यह्वीयते । इत्युक्ते मनुष्यो यत्र निवसति, यत् खादति, यत् वस्त्रं धारयति, यज्जलं पिबति यस्य पवनस्य सेवनं करोति तत्सर्वं पर्यावरणम् इति शब्दे अभिधीयते ।

अधुना पर्यावरणस्य समस्या न केवलं भारतस्य अपितु समस्तविश्वस्य समस्या वर्तते । यज्जलं यश्च वायुः अद्य उपलभ्यते तत्सर्वं मलिनं दूषितं च दृश्यते ।

श्रवन्ती

कक्षा- नवमी



# 2.प्रकृति चित्रणम्

अद्य अहं प्रातः पञ्चवादने जागृत्य उत्तमं भ्रमणार्थं बहिः आगतवती । अहं हिमं दृष्टवती यः श्वेतवर्णः किञ्चित्कालानन्तरं जलं भवति । तत्र शीतल वायुः आसीत् तथा द्विहोरायाः अनन्तरं सूर्यः उत्तमहरितवर्णपत्रेभ्यः उदयं प्रारभत् यत् मम कृते अस्मिन् दिने उत्तमः अनुभवः आसीत् ।

उदिते सूर्ये धरणी विहसति ।

पक्षी कूजति कमलं विकसति ।।

नदति मन्दिरे उच्चैर्ढक्का ।

सरितः सलिले सेलति नौका ।।

पुष्पे पुष्पे नानारङ्गाः ।

तेषु डयन्ते चित्रपतङ्गाः ।।

वृक्षे वृक्षे नूतनपत्रम् ।

विविधैः एव विभाति चित्रम् ।।

एस. स्वप्ना

कक्षा- सप्तमी



## 3महाकवि कालिदासः

संस्कृत जगतिषु कविषु महाकवि कालिदासः सर्वश्रेष्ठः कविः आसीत् । कालिदासः प्रकृतेः उपासकः आसीत् । महाकवेः प्रशंसायां किञ्चित् श्लोकानि –

शिलष्टा क्रिया कस्यचिदात्मसंस्था
संक्रान्तिरन्यस्य विशेषयुक्ता ।।
यस्योभयं साधु स शिक्षकाणाम्
धुरि प्रतिष्ठापयितव्य एव ।।

पुरा कवीनां गणना प्रसङ्गे
कनिष्ठिकाधिष्ठितकालिदासः ।
अद्यापि तत्तुल्यकवेरभावात्
अनामिका सार्थवती बभूव ।।

के. नित्यासांई लक्ष्मी
कक्षा- नवमी



## 4.जलम् एव जीवनम्

जलम् एव जीवनम् इति उक्त्यनुसारम् अस्माकं जीवने जलस्य आवश्यकता वर्तते । जीवनाय जलम् आवश्यकं वर्तते । तृष्णायां सत्यां जलेन एव निवारणं भवति । पृथिव्याः जीवानां कृते आवश्यकं तत्त्वम् अस्ति जलम् । अस्माकं सौभाग्यम् अस्ति यत् पृथिवी जलीयः ग्रहः वर्तते ।जलं सौरमण्डले दुर्लभं वर्तते । अन्यत्र कुत्रापि जलं नास्ति । पृथिव्यां जलं पर्याप्तम् अस्ति । अतःपृथिवी नीलग्रहः इति उच्यते । जलं निरन्तरं स्वरूपं परिवर्तते । सूर्यस्य तापेन वाष्पस्वरूपं , शीतले सति सङ्घनीकरणे मेघस्वरूपं, वर्षामाध्यमेन जलस्वरूपं धरति । जलं महासागरेषु, वायुमण्डले पृथिव्यां च परिभ्रमति । जलस्य परिभ्रमणं जलचक्रं कथ्यते ।

प्रजय

कक्षा- सप्तमी

# 5.संस्कृत पितामह पाणिनि

पाणिनिः संस्कृतभाषायाः महान् वैयाकरणः । तेन लिखितः अष्टाध्यायीनामकः व्याकरणग्रन्थः विश्वप्रसिद्धः वर्तते । पाणिनिः वैयाकनणानां प्रातः स्मरणीयः मुनिः न केवलं वैयाकरणानाम् अपितु निखिलसंस्कृतविपश्चिताम् एषः प्रातर्वन्दनीयः इत्यत्र न कोऽपि न संशयः । पाणिनेः तपसा सन्तुष्टः शिवः ताण्डवनृत्यम् अकरोत् , नृत्तान्ते चतुर्दशवारम् ढक्काम् अवादयत् ।

नृत्तावसाने नटराजराजो ननाद ढक्कां नवपञ्चवारम् ।
उद्धर्तुकामान्सनकादिसिद्धानेतद्विमर्शे शिवसूत्रजालम् ।।

तस्याः ढक्कायां ध्वनिं श्रुत्वा पाणिनेः एतानि माहेश्वरसूत्राणि अरचयत-

1- अइउण्  2- ऋलृक्  3-एओङ्  4- ऐऔच्

5-हयवरट्  6- लण्  7- ञमङणनम्

